प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज श्रीगंगानगर के दौरे पर–सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का शुभारंभ करेंगे।
- प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हीटवेव की स्थिति– मौसम विभाग ने गर्मी से फसलो और पशुओं को बचाने के लिए किसानों के वास्ते एडवाइजरी जारी की।
- आकाशवाणी जयपुर केन्द्र का स्थापना दिवस आज–कला, संस्कृति और लोक संगीत को जन जन तक पंहुचा रहा है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वे कल रात नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के आयोजन को संबोधित कर रहे थे। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी। इसके साथ ही वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी।

.....

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज श्रीगंगानगर के दौरे पर रहेंगे। वे वहां सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का शुभारंभ करेंगे। वे नई धानमंडी में किसान और व्यापारियों से संवाद भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री का शिवपुर हेड के निरीक्षण का भी कार्यक्रम है।

......

इससे पहले मुख्यमंत्री कल हनुमानगढ के दौरे पर रहे। उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। श्री शर्मा ने कल ही हनुमानगढ में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इसके लिए विभिन्न नहर परियोजनाओं को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना को मजबूत बनाने के लिए 3 हजार 400 करोड रुपये के काम करवाए जाएंगे। इसके साथ ही भाखड़ा और गंग नहर से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक काम किये जाएंगे।

00000

प्रदेश में राइट टू एज्यूकेशन–आरटीई के तहत प्रवेश के लिये आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की आज लॉटरी निकाली जायेगी। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर जयपुर के शिक्षा संकुल में आयोजित कार्यक्रम में ये लॉटरी निकालेंगे।

0000

जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी चार आतंकियों को स्पेशल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 4 अप्रैल को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने 600 पन्नों का फैसला दिया है। फैसले के बाद सरकारी वकील सागर तिवाड़ी ने मीडिया को बताया कि कोर्ट ने इस मामले को बहुत गंभीर माना और आतंकवाद को पूरे समाज के लिये खतरा बताया।

....

गौरतलब है कि 13 मई 2008 को जयपुर के चारदीवारी इलाके में 8 श्रंखलावार बम धमाके हुए थे। धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे। नौंवा बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे निष्क्रिय किया गया था।

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हीटवेव दर्ज की गई। अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। कल सबसे अधिक 46 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 घंटों में एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं–कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

.....

इस बीच मौसम विभाग ने गर्मी से फसलो और पशुओं को बचाने के लिए किसानों के वास्ते एडवाइजरी जारी की है। इसमें किसानों को नियमित रूप से सुबह और शाम फसलों की सिंचाई करने को कहा गया हैं। बढते तापमान और लू के मद्देनजर विभिन्न जिलों में प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। अस्पतालों में लू और तापघात के मरीजों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। पशुपक्षियों के लिए भी सामाजिक संस्थानों और प्रशासन की ओर से पीने के पानी का इंतजाम किया जा रहा है तथा परिंडे लगाये जा रहे है।

0000

आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आज प्रदेशभर में अटल जनसेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर हर महीने के दूसरे गुरूवार को लगाये जाते है, लेकिन इस बार गुरूवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण इन शिविरों का आयोजन आज किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर लगने वाले इन शिविरों में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा।

00000

करौली जिले के श्रीमहावीर जी में कल महावीर जयंती पर मुख्य मेला भरेगा। मेले में भाग लेने के लिए देशभर से श्रद्धालु पंहुच रहे है। मेले को लेकर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए है।

....

000

आकाशवाणी का जयपुर केन्द्र आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। जयपुर में आज ही के दिन साल 1955 में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना हुई थी, तब से लेकर आज तक यह राज्य की कला संस्कृति और लोक संगीत को जन जन तक पंहुचाने में बडी भूमिका निभा रहा हैं। आकाशवाणी का जयपुर केन्द्र बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के ध्येय के अनुरूप लगातार श्रोताओं का मनोरंजन करने के साथ जानकारियां पंहुचाने का काम कर रहा है। आकाशवाणी जयपुर के कार्यक्रम श्रोता 101 दशमलव 2 मेगाहर्ट्स और मोबाईल एप न्यूज ऑन एआईआर पर सुन सकते हैं। वहीं जयपुर स्थित जवाहर कला केन्द्र ने कल अपना स्थापना दिवस मनाया। भारतीय कला और विरासत को सहेजने और कलाकारों के विकास के लिए वर्ष 1993 में जयपुर में एक अंतर्राष्ट्रीय बहुकला और संस्कृति केंद्र की स्थापना की गयी, जिसे जवाहर कला केन्द्र का नाम दिया गया। स्थपना दिवस के सिलसिले में जवाहर कला केन्द्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अलावा एक प्रदर्शनी के जरिये केन्द्र की 32 वर्षो की यात्रा की जानकारी दी जा रही है।

0000

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक प्रमुख नीतिगत फैसलों की घोषणा के बाद आज संपन्न होगी। प्रमुख नीतिगत दरों पर विचार के लिये समिति की बैठक सात अप्रैल को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा रेपो रेट के अलावा आर्थिक वृद्धि अनुमान, मुद्रास्फीति, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर अनुमानों की भी जानकारी देंगे। आरबीआई गर्वनर संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं।

इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

0000